दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

# पुलिस की कार्रवाई / खजराना में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, लॉकडाउन के दौरान भारी मात्रा में शराब बनाई थी



पुलिस को मौके से आबकारी विभाग के होलोग्राम मिले हैं। इससे संभावना जताई जा रही है कि आरोपी सांठगांठ से धंधा चला रहे थे। - फाइल फोटो

- नकली शराब बनाते 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है
- मौके से आबकारी विभाग के हालमार्क, स्प्रीट और अन्य सामग्री जब्त

*दैनिक भास्कर*

Jun 11, 2020, 03:55 PM IST

**इंदौर.** क्राइम ब्रांच ने खजराना में नकली शराब बनाने का कारखाना पकड़ा है। लॉकडाउन के दौरान यहां पर भारी मात्रा में नकली शराब बनाई और बेची गई थी। मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

डीआईजी हरिनारायण मिश्र को सूचना मिली थी कि खजराना स्थित एक स्थान पर बड़े पैमाने पर नकली शराब बनाई जा रही है। इस नकली शराब की आपूर्ति इंदौर के साथ ही प्रदेश के बाहर भी की जा रही है। इस पर डीआईजी ने एएसपी राजेश दंडोतिया की टीम को योजना बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।पुलिस ने योजना बनाकर मकान नंबर 110 साईं शारदा पैलेस का ॅलोनी पर दबिश दी। मौके पर नकली शराब बनाते 5 लोग मिले, जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ आबकारी विभाग के हालमार्क, स्प्रीट और शराब बनाने में उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्रियों को भी जब्त किया गया है।

**69 बोरीयो मे भरे 6.5 लाख देशी मदिरा के ढक्कन जब्त**

आरोपियों के घर से 320 लीटर स्पीरीट, 69 बोरीयों मे भरे 6.5 लाख देशी मदिरा के ढक्कन, 3 लाख 90 हजार देशी मदिरा की बोतल पर लगने वाले स्टिकर, 130 किलो केरामल कलर (मसाला मदिरा), 3000 देशी क्वार्टर की बोतल, 2 लाख देशी मदिरा के ढक्कन पर लगाने वाले हालमार्क और दो चारपहियां वाहन जब्त किए गए है।

**इन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

पुलिस की टीम ने आरोपी के घर मकान नंबर 110 साईं शारदा पैलेस का ॅलोनी में दबिश दी तो मौके पर पांच व्यक्ती श्याम सिंह पिता नारायण सिंह (35) निवासी साईं शारदा पैलेस कॉलोनी खजराना, जालिम सिंह पिता शंकर सिंह (29) निवासी शारदा पैलेस का ॅलोनी इंदौर, विकास पिता ताराचंद्र (27) निवासी श्री कृष्णा विहार खजराना, राहुल पिता मोहनलाल यादव (28) निवासी नाहर दरवाजा देवास और शहिद पिता गुल मोहम्मद (40) निवासी पाल नगर थाना औधोगिक क्षेत्र इंदौर मिले जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

**पुलिस-आबकारी से सांठगांठ की भी जांच**

खजराना क्षेत्र में नकली शराब की फैक्ट्री पकड़ाए जाने के बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या खजराना पुलिस को इस बात की जानकारी थी या नहीं। मामले में डीआईजी ने खजराना पुलिस की भूमीका की जांच करने के निर्देश भी दिए हैं। वहीं मौके से आबकारी विभाग के होलोग्राम मिलने पर आबकारी विभाग और आरोपियों की सांठगांठ की भी जांच की जा रही है।

Source : https://www.bhaskar.com/local/mp/indore/news/fake-ghee-factory-busted-in-indore-khajrana-police-crime-branch-recorverd-alcohol-127398308.html